# शासकीय योजनाओं की समुदाय आधारित निगरानी एवं सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम (जनसंवाद)

## (शहरी जनसंवाद) रिपोर्ट 2019-20



राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र, छत्तीसगढ़

# विषय सूची


**अध्याय - 1**

शासकीय योजनाओं की समुदाय आधारित निगरानी एवं सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम जनसंवाद अक्टूबर-2019 — 1-6

**अध्याय - 2**

शहरवार जनसंवाद की जानकारी — 7-20

# शासकीय योजनाओं की समुदाय आधारित निगरानी एवं सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम (जनसंवाद)

**(शहरी जनसंवाद)**

**रिपोर्ट 2019-20**

# शासकीय योजनाओं की समुदाय आधारित निगरानी एवं सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम जनसंवाद

## अक्टूबर-2019

### परिचय -

शहरी मितानिन कार्यक्रम वर्ष 2012 से राज्य के 19 शहरों में रहने वाले गरीब एवं कमजोर वर्ग लोगों के स्वास्थ्य और उससे जुड़े अधिकारों के लिए कार्य कर रहा है। आज हर मोहल्ले में मितानिन के होने से लोगों को अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्या और अधिकार को समझने और उसके समाधान करने के साथ ही साथ स्वास्थ्य से जुड़े मूलभुत अधिकारों, रोजगार, भोजन, पानी आदि को प्राप्त करने में भी सहयोग मिल रहा है। मितानिन कार्यक्रम के लोगों से जुड़ाव एवं सहयोग के फलस्वरूप आज लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रहे हैं।

मितानिन कार्यक्रम ने शासन और समुदाय के बीच समन्वय स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके साथ–साथ सामूहिक रूप में पारा स्तर पर स्वास्थ्य व उससे जुड़ी समस्याओं को हल करने के लिए पारा के लोगों के द्वारा महिला आरोग्य समिति का गठन किया गया है। आज प्रत्येक पारा में यह समिति सक्रिय रूप से शासकीय योजनाओं की सामुदायिक आधारित निगरानी के माध्यम से शासन द्वारा प्रदत्त सेवाओं की कमी का आंकलन कर इसमें सुधार लाने के लिए सामूहिक प्रयास कर रही है। इस सामुदायिक प्रयास में कुछ समस्याएं तो पारा स्तर पर हल हो जाती है परन्तु कुछ समस्याओं का हल पारा स्तर पर नहीं हो सकता है। इस तरह की समस्याओं के समाधान के लिए पारा के जागरूक लोग, जनप्रतिनिधि जिसमें नगर निगम के अधिकारी और जिला प्रशासन के मध्य संवाद की आवश्यकता होती है। शासकीय योजनाओं की समुदाय आधारित निगरानी एवं सामजिक अंकेक्षण कार्यक्रम–जनसंवाद इसी सामूहिक प्रयास की जरूरत को पूरा करता है।

शासकीय योजनाओं की समुदाय आधारित निगरानी एवं सामजिक अंकेक्षण कार्यक्रम (जनसंवाद) कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2016 में दो शहरों रायपुर और दुर्ग से की गयी थी। इस सम्मलेन में शहर के विभिन्न पारा से महिला पुरूष, मितानिन, समिति के सदस्य शासकीय अधिकारों से जुड़ी अपनी समस्याओं को शासकीय अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किये और सम्मलेन के दौरान ही बहुत से हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान भी कर दिया गया। दो शहरों में जनसंवाद के सफल आयोजन के बाद वर्ष 2017 में 7 शहरों में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शहरी मितानिन कार्यक्रम के द्वारा आयोजित शासकीय योजनाओं की समुदाय आधारित निगरानी एवं सामजिक अंकेक्षण कार्यक्रम (जनसंवाद) कार्यक्रम समुदाय आधारित निगरानी का महत्वपूर्ण अंग है। समुदाय आधारित निगरानी के सहायक घटक निम्न है –

**महिला आरोग्य समिति** – जनसंवाद की प्रमुख प्रथम और मुख्य कड़ी है महिला आरोग्य समिति। शहरी मितानिन कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के लोगों के स्वास्थ्य और शासन की योजनाओं संबंधित अधिकारों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक पारा में महिला आरोग्य समिति होती है जो अपने

पारा के लोगों के साथ शासन की योजनाओं की लोगों तक पहुंच को निगरानी करती है और समस्या पाए जाने पर उसके समाधान में सहयोग करती है। इस समिति में एक पारा के प्रत्येक 10 घर के बाद की एक महिला को समिति का सदस्य बनाया जाता है। समिति में कुल 10 सदस्य होते हैं। समिति को विभाग के द्वारा वर्ष में 5 हजार रूपए समुदाय की मदद के लिए दिए जाते हैं। समिति में एक अध्यक्ष और एक कोषाध्यक्ष होते हैं। समिति की बैठक हर माह आयोजित की जाती है जिसमें पारा के लोगों की समस्याओं को सुना जाता है, निगरानी पंजी भरी जाती है और समस्याओं के समाधान के लिए एक कार्य योजना बनायी जाती है। समिति द्वारा पारा के लोगों की राशन दुकान, पानी, स्वच्छता, बिजली आदि विषय पर समस्याओं का त्वरित समाधान का प्रयास भी किया जाता है।

**शासकीय अधिकारियों को आवेदन** - पारा स्तर पर समस्या का समाधान नहीं होने पर समिति के सदस्यों द्वारा उन आवेदनों को संबंधित शासकीय विभागों के अधिकारियों को दिया जाता है। शासकीय अधिकारियों के द्वारा अगर उन आवेदनों का समाधान नहीं किया जाता है तो उन आवेदनों को प्रत्येक वर्ष शासकीय योजनाओं की समुदाय आधारित निगरानी एवं सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम (जनसंवाद) में अधिकारियों के समक्ष स्वयं हितग्राहियों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।

शासकीय योजनाओं की समुदाय आधारित निगरानी एवं सामजिक अंकेक्षण कार्यक्रम (जनसंवाद) कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य –

- समुदाय को अपनी समस्या रखने का अवसर देना
- अधिकारियों को क्षेत्र स्तरीय समस्याओं से अवगत कराना
- वार्ड के सदस्यों व जनप्रतिनिधियों को स्वास्थ्य से जुड़ाव बढ़ाना
- महिला आरोग्य समिति को सशक्त बनना

**शासकीय योजनाओं की समुदाय आधारित निगरानी एवं सामजिक अंकेक्षण कार्यक्रम (जनसंवाद) कार्यक्रम वर्ष 2019** - समुदाय के द्वारा स्वास्थ्य और उससे संबंधित अधिकारों के हो रहे हनन, भ्रष्टाचार, अनियमितता को जनसंवाद के माध्यम से शासन के समक्ष रखने का यह सशक्त माध्यम बन गया है। वर्ष 2019 में राज्य के 13 शहरों में 15 जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जनसंवाद में जहां एक ओर पारा और मोहल्ले के लोगों ने अपनी समस्याओं के संधान की आशा के साथ भाग लिया वही दूसरी ओर शासन के जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने भी आमजन की समस्याओं को समझने और उसके समाधान की नियत से कार्यक्रमों सम्मेलनों में सम्मिलित हुए।

इस वर्ष 13 शहरों में आयोजित सम्मेलनों को जनसंवाद कार्यक्रमों में 88 पार्षदों, 4 में महापौर एवं 2 में सभापति महोदयों ने भाग लिया। इसके साथ ही साथ इन कार्यक्रमों में स्वास्थ्य विभाग से 82 डॉक्टर व कर्मचारी एवं महिला व बाल विकास के 18 कर्मचारी साथ ही पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, खाद्य विभाग के कर्मचारी भी सहभागी हुए। 15 जनसंवाद कार्यक्रम में कुल 10471 लोगों ने भाग लिया एवं विभिन्न समस्याओं को लेकर कुल 4098 आवेदन अधिकारियों के समक्ष समाधान हेतु प्रस्तुत किये गए। जनसंवाद कार्यक्रम में प्राप्त विभिन्न समस्या संबंधी जानकारी निम्न है –

| क्र. | शहर का नाम | स्वास्थ्य | नगर निगर | महिला एवं बाल विकास | शिक्षा | पुलिस थाना |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर, लाभांडी | 97 | 77 | 89 | | 5 |
| 2. | रायपुर, कोटा | 66 | 58 | 39 | 19 | 4 |
| 3. | रायपुर वार्ड 63 | 85 | 109 | 44 | 27 | 1 |
| 4. | रायपुर, बिरगांव | 48 | 135 | 27 | 9 | 11 |
| 5. | धमतरी | 285 | 101 | 25 | 7 | |
| 6. | राजनांदगांव | 8 | 79 | 4 | 3 | 2 |
| 7. | कोरबा | 62 | 195 | 36 | 8 | 1 |
| 8. | भिलाई | 280 | 285 | 126 | 8 | 3 |
| 9. | दुर्ग | 78 | 78 | 9 | 15 | |
| 10. | बिलासपुर | 22 | 145 | 19 | 2 | 4 |
| 11. | चिरमिरी | 31 | 119 | 2 | | 20 |
| 12. | जगदलपुर | 37 | 41 | 15 | 10 | |
| 13. | रायगढ़ | 112 | 281 | 57 | 2 | 29 |
| 14. | चरोदा | 167 | 156 | 42 | 4 | |
| 15. | अंबिकापुर | 9 | 70 | 16 | | |
| | | **1385** | **1829** | **550** | **114** | **97** |

जनसंवाद के दौरान हितग्राहियों द्वारा विभिन्न समस्याओं पर जो आवेदन दिए गए उससे संबंधित विस्तृत जानकारी निम्न है –

**1. स्वास्थ्य समस्या** – 13 शहरों में आयोजित 15 जनसंवाद में स्वास्थ्य संबंधी कुल 1385 आवेदन हितग्राहियों द्वारा स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टरों व संबंधित कर्मचारियों को दिए गए। हितग्राहियों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी निम्न समस्याओं पर आवेदन दिए –

- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्चों के डॉक्टर की मांग
- स्मार्ट कार्ड नहीं बनवाने एवं स्मार्ट कार्ड के आलावा मरीजों से अतिरिक्त राशि लेने संबंधी
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सांप व कुत्ता काटने से बचाव का इंजेक्शन की कमी संबंधी
- मितानिन से अस्पताल में दुर्व्यवहार करने संबंधी

- जननी सुरक्षा योजना की राशि नहीं मिलने संबंधी
- नसबंदी की राशि नहीं मिलने संबंधी
- 102 व 108 गाड़ी समय पर नहीं मिलने संबंधी
- उप स्वास्थ्य केंद्र में आया की मांग
- जिला अस्पताल से मरीजों को निजी अस्पताल रेफर करना
- प्रसव के बाद मरीज के परिजनों से अस्पताल के कर्मचारियों के द्वारा पैसों की मांग
- रविवार के दिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने के लिए कर्मचारी नहीं होना
- टी.बी. के मरीजों को राशि नहीं मिलना
- वृद्धजनों को ओ.पी.डी. में पर्ची कटवाने का पैसा लेना
- सिकलिंग का जांच और इलाज की व्यवस्था नहीं होने संबंधी
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बल्ड बैंक की सुविधा संबंधी
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी और एक्स–रे मशीन की सुविधा नहीं होना
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व जिला अस्पताल में स्टाफ की कमी संबंधी

**2. महिला एवं बाल विकास** – 15 जनसंवाद में महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़े कार्यों संबंधित निम्न समस्याओं पर विभाग के परियोजना अधिकारी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि को हितग्राहियों द्वारा कुल 550 आवेदन दिया गया।

- आंगनबाड़ी समय पर नहीं खुलने संबंधी
- आंगनबाड़ी में मेनुचार्ट अनुसार भोजन नहीं दिए जाने संबंधी
- मातृ वंदना योजना के अंतर्गत गर्भवती को राशि नहीं दिए जाने संबंधी
- आंगनबाड़ी केंद्र नहीं होने संबंधी
- आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ता और सहायिका नहीं होने संबंधी
- आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका का बच्चों के साथ बुरा व्यवहार किये जाने संबधी

**3. नगर निगम** – जनसंवाद कार्यक्रम में सबसे अधिक समस्याओं कुल 1702 आवेदन नगर निगम से संबंधित समस्याओं के नगर निगम सभापति, नगर निगम के महपौर और पार्षदों के समक्ष हितग्राहियों द्वारा प्रस्तुत किये गए। जो की निम्न है –

- सुलभ शौचालय निर्माण एवं सफाई संबंधी
- तालाब गहरीकरण, तालाब की सफाई और सौन्दर्यीकरण करवाने संबंधी
- रोड में लाईट की व्यवस्था संबंधी सड़क निर्माण संबंधी

- पारा में नल कनेक्शन संबंधी
- पारा में नाली निर्माण एवं नाली की सफाई संबंधी
- पेंशन संबंधी समस्या
- राशन कार्ड बनवाने संबंधी समस्या
- उज्ज्वला गैस कनेक्शन का लाभ नहीं मिलना
- विकलांग को ट्राईसाईकिल नहीं मिलने संबंधी
- बिजली कनेक्शन संबंधी
- सामुदायिक भवन निर्माण संबंधी
- सड़क सीमेंटीकरण करने संबंधी

**4. शिक्षा विभाग** – 13 शहरों में आयोजित 15 जनसंवाद कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से संबंधित कुल 114 आवेदन प्रस्तुत किये गए। जो की निम्न है –

- अनुसूचित जाती एवं जनजाति छात्रों को छात्रवृति नहीं मिलना
- प्रायमरी एवं मिडिल स्कूल में शिक्षक की कमी होने संबंधी
- मध्यान्ह भोजन में मेनू अनुसार भोजन नहीं दिया जाना
- शाला में शिक्षक की कमी संबंधी

**5. पुलिस विभाग** – 15 सम्मेलनों में पुलिस थाना से संबंधित 88 आवेदन हितग्राहियों द्वारा सम्मलेन में उपस्थित अधिकारियों व जनप्रतिनिधि के समक्ष प्रस्तुत किये गए। जो की निम्न है –

- पारा मोहल्ले में शराब व जुआ को बंद कराने बाबत
- बच्चों में नशा के रोकथाम से संबंधित
- गांजा बिक्री पर रोक लगाने संबंधी
- शराब दूकान हटवाने संबंधी
- मोहल्ले में लड़ाई झगड़ा पर रोक लगाने संबंधी

जनसंवाद के दौरान उपरोक्त समस्याओं पर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को आवेदन दिया गया जिसमें जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान बहुत सी समस्याओं का समाधान हो गया और जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान सभी विभाग के अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन दिए गए जिनका बहुत जल्दी समाधान किये जाने का आश्वासन अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा दिया गया। आशा है हितग्राहियों की समस्या का समाधान जल्द हो जाएगा।

**समस्या का समाधान** - सम्मलेन के दौरान और सम्मलेन के बाद बहुत सी समस्याओं का समाधान किया गया जिससे संबंधित जानकरी निम्न है –

| क्र. | शहर का नाम | स्वास्थ्य | स्वास्थ्य समस्या का समाधान | नगर निगम | निगम से संबंधित समस्या का समाधान | महिला एवं बाल विकास | महिला एवं बाल विकास संबंधी समस्या का संधान | शिक्षा | शिक्षा संबंधी समस्या का समाधान | पुलिस थाना | पुलिस थाना संबंधी समस्या का समाधान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर, लाभांडी | 97 | 6 | 77 | 13 | 89 | 4 | | | 5 | |
| 2. | रायपुर, कोटा | 66 | 6 | 58 | 8 | 39 | 9 | 19 | | 4 | |
| 3. | रायपुर वार्ड 63 | 85 | 14 | 109 | 25 | 44 | | 27 | | 18 | |
| 4. | रायपुर, बिरगांव | 48 | | 135 | 38 | 27 | 8 | 9 | | 11 | |
| 5. | धमतरी | 285 | | 101 | 19 | 25 | 4 | 7 | | | |
| 6. | राजनांदगांव | 8 | | 79 | 13 | 4 | 4 | 3 | | 2 | |
| 7. | कोरबा | 62 | | 195 | | 36 | | 8 | | 1 | |
| 8. | भिलाई | 280 | | 285 | | 126 | | 15 | | 3 | |
| 9. | दुर्ग | 78 | 4 | 78 | 5 | 9 | | 2 | | | |
| 10. | बिलासपुर | 22 | | 145 | | 19 | | 2 | | 4 | |
| 11. | चिरमिरी | 31 | 2 | 119 | 4 | 2 | 1 | | | 20 | |
| 12. | जगदलपुर | 37 | 16 | 41 | 9 | 15 | 2 | 10 | | | |
| 13. | रायगढ़ | 112 | | 281 | | 57 | | 2 | | 29 | |
| 14. | चरोदा | 167 | 37 | 156 | 27 | 42 | | | | | |
| 15. | अंबिकापुर | 9 | 1 | 70 | 9 | 16 | | | | | |
| | **कुल** | **1385** | | **1829** | | **550** | | **114** | | **97** | |

**उपसंहार** – जनसंवाद आम जनता और अधिकारियों के मध्य संवाद का एक लोकतांत्रिक मंच है। इन सम्मेलनों ने जहां एक ओर लोगों में अपने स्वास्थ्य एवं उससे जुड़े अधिकारों को प्राप्त करने का आत्मविश्वास पैदा किया है वहीं दूसरी ओर शासन ने भी लोगों की समस्याओं को पहचानने, उन्हें देखने, सुनने और समझने का प्रयास किया है। जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से लोग सशक्त हो रहे हैं और अपने अधिकार की लड़ाई स्वयं लड़ रहे हैं।

## जनसंवाद सम्मेलन

### नगर पालिक निगम रायपुर, शहर - रायपुर

### सम्मेलन का दिनांक 03/10/2019, स्थान-रजबंधा मैदान



**कुल प्रतिभागी** — 650

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** — 269

**जनप्रतिनिधि/अधिकारी का नाम व पद –**

1. मिलिन गौतम, पार्षद वार्ड क्रमांक 34
2. महिला एवं बाल विकास सुपरवाईजर

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. स्वास्थ्य समस्या — 98
2. महिला एवं बाल विकास विभाग — 89
3. नगर निगम — 77
4. पुलिस विभाग — 5

**सम्मेलन के उपरांत की स्थिति/बदलाव/समस्याओं का समाधान –**

1. समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किया जा रहा है ।



## जनसंवाद सम्मेलन

## डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक-63 नगर पालिक निगम रायपुर

## सम्मेलन का दिनांक 05/11/2019, स्थान - सामुदायिक भवन मैदान




**कुल प्रतिभागी** – 1500

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – 283

**जनप्रतिनिधि / अधिकारी का नाम व पद –**

1 शहरी कार्यक्रम प्रबंधक

2 आंगनवाड़ी सुपरवाईजर

3 अस्पताल के नर्स

4 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. स्वास्थ्य समस्या – 85
2. महिला एवं बाल विकास विभाग – 44
3. नगर निगम – 98
4. मध्यान्ह भोजन – 27
5. खाद्य – 11
6. अबकारी विभाग – 18

**सम्मेलन के उपरांत की स्थिति / बदलाव / समस्याओं का समाधान –**

1. समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किया जा रहा है।



## जनसंवाद सम्मेलन

### नगर पालिक निगम रायपुर

### सम्मेलन का दिनांक 04/11/2019, स्थान - कोटा रामदरबार

**कुल प्रतिभागी** – 741

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – 174

**जनप्रतिनिधि / अधिकारी का नाम व पद –**

1. पार्षद प्रतिनिधि
2. शहर कार्यक्रम प्रबंधक
3. आंगनवाड़ी सुपरवाईजर
4. डॉक्टर, हिरापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
5. डॉक्टर, भनपुरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. महिला एवं बाल विकास – 39
2. नगर निगम – 32
3. स्वास्थ्य विभाग – 66
4. पुलिस विभाग – 4
5. विद्युत विभाग – 2
6. खाद्य विभाग – 12
7. शिक्षा विभाग – 19



## नगर पालिक निगम दुर्ग

### सम्मेलन का दिनांक 03/11/2019, स्थान - सिकोला बस्ती वार्ड क्रमांक 15 दुर्ग






**कुल प्रतिभागी** – 600

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – 180

**जनप्रतिनिधि / अधिकारी का नाम व पद –**

1. चंद्रिका चंद्राकर, महापौर दुर्ग नगर निगम
2. राजकुमार नारायणी, सभापति दुर्ग नगर निगम
3. नरेन्द्र चंदेल, पार्षद वार्ड क्रमांक 27
4. नजहद परवीन, पार्षद वार्ड क्रमांक 40
5. दिलीप साहू, पार्षद वार्ड क्रमांक 18
6. लता ठाकुर, पार्षद वार्ड क्रमांक 15
7. कांशीराम कोसरे, पार्षद वार्ड क्रमांक 22

**अधिकारी का (नाम व पद) –**

1. संजीव दुबे, शहर कार्यक्रम प्रबंधक दुर्ग
2. तुषार वर्मा, शहर कार्यक्रम प्रबंधक भिलाई
3. डॉ. अर्चना चौहान, चिकित्सा अधिकारी
4. अनिता जैन, बी.ई.टी.ओ.
5. अनिता सिंह, उमेश्वरी चौरे महिला एवं बाल विकास

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. नगर निगम – 53
2. स्वास्थ्य विभाग – 78
3. आंगनवाड़ी – 9
4. शिक्षा विभाग – 15
5. कलेक्टर – 25

# जनसंवाद सम्मेलन

## नगर पालिक निगम जगदलपुर

## सम्मेलन का दिनांक 04/11/2019, स्थान - जगदलपुर

**कुल प्रतिभागी** — 550

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** — 103

**जनप्रतिनिधि / अधिकारी का नाम व पद –**

1. नगर निगम वार्ड पार्षद
2. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
3. शहर कार्यक्रम प्रबंधक
4. सुपरवाईजर महिला एवं बाल विकास



# आंबा भवन, सड़क, स्वास्थ्य सुविधा और पानी मांग रहे लोग

नवभारत रिपोर्टर | जगदलपुर.
www.navbharat.org

शहर के अंबेडकर वार्ड स्थित मंगल भवन में सोमवार को जनसंवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया. ग्राम सुराज की तर्ज पर शहर में आयोजित इस सम्मेलन में शहर के 48 वार्डों के लगभग 600 वार्डवासी यहां मौजूद रहे और अपनी-अपनी समस्याएं विभाग के अधिकारियों को बताई. सम्मेलन में हर विभाग के अधिकारी मौजूद रहे.

**जन संवाद**

- **वार्डवासियों ने जनसंवाद सम्मेलन में अधिकारियों को दिया आवेदन**
- **सभी वार्डों के सैकड़ों लोग सम्मेलन में रहे उपस्थित, बता रहे समस्याएं**

वार्डवासियों में राजेन्द्र नगर वार्ड की महिलाओं में मंजू यादव, सुनीता मिश्रा, फूलमती कश्यप, कमला बघेल व अन्य ने बताया कि यहां वे अनेक समस्याओं को लेकर आई हुई है. वार्डों में आंगनबाड़ी भवनों के अभाव के कारण बच्चों व महिलाओं को हो रही परेशानियों के अलावा पानी, सड़क, सफाई आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिये आवेदन दिया.

जनसंवाद सम्मेलन में उपस्थित वार्डवासी समस्याएं बताते हुये

**मेकॉज की दूरी परेशानी का सबब**

शहर से 12 किलोमीटर दूर डिमरापाल स्थित मेकॉज जाने में लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुये वार्डवासियों ने जनसंवाद सम्मेलन में स्वास्थ्य सुविधा में बढ़ोतरी करने की मांग है. इसके अलावा महिला आरोग्य समिति द्वारा सरकारी अस्पतालों में समितियों की महिलाओं के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को भी लेकर आवेदन सौंपा है. यहां नहीं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सारी सुविधा भी मिलने जिसमें बिजली, पानी, गर्भवती महिलाओं के खाने-पीने के अलावा छुट्टी के दिन भी स्टॉफ रहने की मांग शहरवासियों ने की है. पेंशन को लेकर भी अपनी समस्या बताई गई है. इस सम्मेलन में सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम में 106 महिला आरोग्य समितियों की महिलाएं भी शामिल रहीं

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. स्वास्थ्य विभाग — 37
2. नगर निगम संबंधी — 27
3. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग — 6
4. महिला एवं बाल विकास — 15
5. खाद्य विभाग — 8
6. शिक्षा विभाग — 10

**सम्मेलन के उपरांत समस्याओं का समाधान –**

1. महारानी अस्पताल में गर्भवती की जांच की व्यवस्था किया गया।
2. सरकारी अस्पताल में मरीज व परिजनों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की समस्या का हल किया गया।
3. शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में छुट्टी के दिनों में भी एक स्टॉफ की व्यवस्था किया गया।
4. सड़क पर पानी भरना, हैण्डपम्प के आसपास व नाली की सफाई किया गया।
5. आंगनवाड़ी की समस्याओं का समाधान किया गया।






## जनसंवाद सम्मेलन

## नगर पालिक निगम बिरगांव

## सम्मेलन का दिनांक 31/10/2019, स्थान - बुधवारी बाजार










**कुल प्रतिभागी** — 450

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** — 134

**जनप्रतिनिधि/अधिकारी का नाम व पद –**

1. उबारन दास, पार्षद वार्ड क्रमांक 2
2. लेखराम साहू, पार्षद वार्ड क्रमांक 37
3. भीखम लाल देवांगन, पार्षद वार्ड क्रमांक 24
4. अनिल पाल, पार्षद वार्ड क्रमांक 34
5. इकराम अहमद, विधायक प्रतिनिधि वार्ड क्रमांक 28

**अधिकारी का (नाम व पद) –**

1. शहर कार्यक्रम प्रबंधक
2. डॉ. संजीव कुमार मोहरा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रतिनिधि
3. विवेक देवांगन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रतिनिधि
4. अनुपमा सिंह, इंदु हर्ष, सुपरवाईजर

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. नगर निगम — 122
2. स्वास्थ्य विभाग — 52
3. महिला एवं बाल विकास — 27
4. शिक्षा विभाग — 9
5. खाद्य विभाग — 8
6. विद्युत विभाग — 5
7. पुलिस विभाग — 11

**सम्मेलन के उपरांत की स्थिति/समस्याओं का समाधान –**

1. नगर निगम द्वारा कचरा गाड़ी आना, नाली सफाई की व्यवस्था किया जा रहा है।
2. मजदुर नगर वार्ड 40 के लिए राशन कार्ड दुकान पास में खुल रहा है।
3. आंगनवाड़ी में खाना मिलना व आंगनवाड़ी समय पर खुल रहा है।

## जनसंवाद सम्मेलन

## नगर पालिक निगम धमतरी

## सम्मेलन का दिनांक 31/10/2019, स्थान - ईतवारी बाजार धमतरी






**कुल प्रतिभागी** – 620

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – 428

**जनप्रतिनिधि/अधिकारी का नाम व पद –**

1. रंजना साहू, विधायक धमतरी
2. अर्चना चौबे, महापौर नगर निगम
3. राजेन्द्र शर्मा, सभापति नगर निगम
4. दिपक लोंधे, राजेश पांडे, दमयंती गजेन्द्र, सरितता यादव, उषा कौशिक, रानी मीनपाल, दिपक सोनकर आदि पार्षद

**अधिकारी का (नाम व पद) –**

1. अनुराग गुप्ता, शहर कार्यक्रम प्रबंधक
2. वाधवानी, सुपर वाईजर

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. स्वास्थ्य विभाग – 295
2. नगर निगम – 90
3. महिला एवं बाल विकास – 25
4. शिक्षा विभाग – 7
5. विद्युत विभाग – 11

**सम्मेलन के उपरांत की स्थिति/समस्याओं का समाधान –**

1. आंगनवाड़ी में रेडी–टू–ईट देना प्रारम्भ हो गया है।
2. साल्हेवार पारा की सार्वजनिक शौचालय की सफाई प्रतिदिन किया जा रहा है।
3. पानी की समस्या के लिए बोर खुदवाया गया।





# जनसंवाद सम्मेलन

## नगर पालिक निगम चरौदा

## सम्मेलन का दिनांक 19/10/2019, स्थान -








**कुल प्रतिभागी** – 0

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – 370

**जनप्रतिनिधि/अधिकारी का नाम व पद –**

1. महापौर नगर निगम चरौदा
2. तुलसी ध्रुव, तुलसी मरकाम, रामखिलावन वर्मा, बलराम साहू, कुंती लहरे, आशा यादव एवं पूर्णिमा ठाकुर आदि पार्षदगण

**अधिकारी का (नाम व पद) –**

1. डॉ. प्रबीर चटर्जी, कार्यकारी संचालक, राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र
2. संजीव दुबे, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक
3. आभा तिवारी, सुपरवाईजर
4. यशवंत साहू, पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ता

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. स्वास्थ्य विभाग – 167
2. नगर निगम – 147
3. महिला एवं बाल विकास – 42
4. शिक्षा विभाग – 4
5. खाद्य विभाग – 8
6. कलेक्टर – 2

**सम्मेलन के उपरांत की स्थिति/समस्याओं का समाधान –**

1. जननी सुरक्षा योजना संबंधी समस्या का हल किया गया।
2. बी.पी. जांच नही किया जाता था इसका हल किया गया अब जांच हो रहा है।
3. आयरन गोली बाहर से मंगवाने एवं दवाई फेक कर देने की समस्या का हल किया गया।
4. टी.बी. मरीज की सहयोग राशि दिया जा रहा है।
5. पेंशन समस्या का हल किया गया।
6. नगर निगम द्वारा सफाई संबंधी समस्याओं का हल किया गया।
7. स्कूल में मध्यान भोजन संबंधी समस्या का हल किया गया।
8. आंगनवाड़ी में वजन किया जा रहा है।

## जनसंवाद सम्मेलन

## नगर पालिक निगम राजनांदगांव

## सम्मेलन का दिनांक 04/11/2019, स्थान - गांधी सभा गृह राजनांदगांव

**कुल प्रतिभागी** — 06

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** — 96

**जनप्रतिनिधि / अधिकारी का नाम व पद –**

1. नगर निगम अध्यक्ष राजनांदगांव
2. मणी भास्कर, नगर निगम पार्षद
3. जमुना साहू, नगर निगम पार्षद
4. ममता भोजवानी, नगर निगम पार्षद
5. विजय राय, नगर निगम पार्षद

**अधिकारी का (नाम व पद) –**

1. रिना ठाकुर, महिला एवं बाल विकास अधिकारी
2. अनामिका विश्वास, शहर कार्यक्रम प्रबंधक
3. गायत्री साहू, सखी सेन्टर
4. सुपरवाईजर महिला एवं बाल विकास

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. नगर निगम – 70
2. स्वास्थ्य विभाग – 8
3. महिला एवं बाल विकास – 4
4. शिक्षा विभाग – 3
5. पुलिस विभाग – 2
6. विद्युत विभाग – 2
7. खाद्य विभाग – 4
8. कलेक्टर संबंधी – 3








**सम्मेलन के उपरांत समस्याओं का समाधान –**

1. आंगनवाड़ी संबंधी समस्याओं का हल किया गया। आंगनवाड़ी के लिए भवन निर्माण प्रारम्भ हो गया है।

## जनसंवाद सम्मेलन

## नगर पालिक निगम कोरबा

### सम्मेलन का दिनांक 31/10/2019, स्थान - जुनियर क्लब सी.एस.ई.बी. कोरबा




**कुल प्रतिभागी** – 750

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – 302

**जनप्रतिनिधि/अधिकारी का नाम व पद –**

1. मनहरण राठौर, पार्षद
2. हितानंद अग्रवाल, पार्षद
3. मनीष शर्मा, पार्षद
4. रवि खुटे, पार्षद

**अधिकारी का (नाम व पद) –**

1. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
2. शहर कार्यक्रम प्रबंधक
3. ए.एन.एम. स्वास्थ्य विभाग
4. शिक्षा विभाग अधिकारी
5. आंगनवाड़ी सुपरवाईजर

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. स्वास्थ्य विभाग – 62
2. नगर निगम – 153
3. महिला एवं बाल विकास – 36
4. खाद्य विभाग – 29
5. शिक्षा विभाग – 8
6. पुलिस विभाग – 1
7. कलेक्टर संबंधी – 13

## जनसंवाद सम्मेलन

## नगर पालिक निगम भिलाई

### सम्मेलन का दिनांक 06/11/2019, स्थान - दुर्गा मंच सेक्टर 5

**कुल प्रतिभागी** – 1635

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – 702

**जनप्रतिनिधि/अधिकारी का नाम व पद –**

1. महेश वर्मा, नगर निगम पार्षद वार्ड क्रमांक 8
2. राजेश प्रधान, नगर निगम पार्षद वार्ड क्रमांक 9
3. दिवाकर भारती, नगर निगम पार्षद वार्ड क्रमांक 17
4. भैरव सिंह सोनवानी, नगर निगम पार्षद वार्ड क्रमांक 39

**अधिकारी का (नाम व पद) –**

1. दिलीप चंद्राकर, डी.एस.पी. दुर्ग
2. प्रज्ञा मेश्राम, ए.एस.पी. दुर्ग
3. डॉ. संजय जामगड़े, खण्ड चिकित्सा अधिकारी
4. योगिता खागर्डे, थाना प्रभारी
5. अजय शुक्ला, महिला एवं बाल विकास
6. संजीव दुबे, शहर कार्यक्रम प्रबंधक दुर्ग
7. तुषार वर्मा, शहर कार्यक्रम प्रबंधक भिलाई
8. डॉ. रजनी नेलशन, शिक्षा विभाग
9. खाद्य विभाग अधिकारी

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. नगर निगम – 243
2. महिला एवं बाल विकास – 126
3. स्वास्थ्य विभाग – 280
4. शिक्षा विभाग – 8
5. खाद्य विभाग – 30
6. विद्युत विभाग – 12
7. पुलिस विभाग – 3








# जनसंवाद सम्मेलन

## नगर पालिक निगम बिलासपुर

## सम्मेलन का दिनांक 30/10/2019, स्थान - बिलासपुर

**कुल प्रतिभागी** — 748

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** — 192

**जनप्रतिनिधि / अधिकारी का नाम व पद –**

1. रमेश गुप्ता, पार्षद
2. नारद साहू, पार्षद
3. जीत्तु साहू, पार्षद
4. तंजमुल हक, पार्षद



**अधिकारी का (नाम व पद) –**

1. शहर कार्यक्रम प्रबंधक
2. कार्यक्रम समन्वयक, राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. नगर निगम — 121
2. कलेक्टर संबंधी — 23
3. स्वास्थ्य विभाग — 20
4. महिला एवं बाल विकास — 19
5. शिक्षा विभाग — 2
6. खाद्य विभाग — 5
7. पुलिस विभाग — 2





## जनसंवाद सम्मेलन

## नगर पालिक निगम चिरमिरी

### सम्मेलन का दिनांक 23/10/2019, स्थान - नगर निगम पोड़ी चिरमिरी




**कुल प्रतिभागी** — 375

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** — 172

**जनप्रतिनिधि / अधिकारी का नाम व पद –**

1. संतोष, पार्षद
2. रिधि भारगो, पार्षद

**अधिकारी का (नाम व पद) –**

1. पूजा मेश्राम, शहर कार्यक्रम प्रबंधक
2. बैंक मनेजर
3. ए.एन.एम.

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. स्वास्थ्य विभाग — 31
2. नगर पालिक निगम — 107
3. खाद्य विभाग — 12
4. महिला एवं बाल विकास — 2
5. पुलिस विभाग — 20



## जनसंवाद सम्मेलन

## नगर पालिक निगम रायपुर, शहर - अंबिकापुर

## सम्मेलन का दिनांक 01/11/2019, स्थान-यु.पी.एच.एच.सी. नानापारा

**कुल प्रतिभागी** – 269

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – 95

**जनप्रतिनिधि/अधिकारी का नाम व पद –**

1. सी.एम.ओ.
2. सी.पी.एम.
3. मितानिन, महिला आरोग्य समिति एवं क्षेत्रीय समन्वयक

**अधिकारी (नाम व पद) –**

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. स्वास्थ्य समस्या – 9
2. महिला एवं बाल विकास विभाग – 16
3. नगर निगम – 70

**सम्मेलन के उपरांत की स्थिति/बदलाव/समस्याओं का समाधान –**

1. समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किया जा रहा है।









## जनसंवाद सम्मेलन

## नगर पालिक निगम रायगढ़

### सम्मेलन का दिनांक 05/11/2019, स्थान - मंगल भवन कबीर चौक रायगढ़





**कुल प्रतिभागी** — 547

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** — 481

**जनप्रतिनिधि / अधिकारी का नाम व पद –**

1. हरि टंडन, पार्षद
2. संजय देवांगन, पार्षद
3. त्रिणेणी डहरे, पार्षद
4. रामकृष्ण खटर्जी, पार्षद

**अधिकारी का (नाम व पद) –**

1. शहर कार्यक्रम प्रबंधक
2. डॉ. राकेश वर्मा
3. डॉ. कल्याणी पटेल
4. पुलीस विभाग के अधिकारी
5. पुष्पलता पाणीग्रही, रेखा सेन गुप्ता सुपरवाईजर

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. स्वास्थ्य विभाग — 112
2. नगर निगम — 231
3. महिला एवं बाल विकास — 57
4. पुलिस विभाग — 29
5. विघुत् यांत्रिकी — 36
6. खाद्य विभाग — 14
7. शिक्षा विभाग — 2





**राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र, छत्तीसगढ़**

**कालीबाड़ी, रायपुर-492001**

**दूरभाष : 0771-2236175, 2236104**